डीएम और एसपी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा, शांतिपूर्ण मतदान पर रहा जोर

किशनगंज (आससे)। बिहार विधान परिषद के कोशी स्नातक निर्वाचन-2026 के तहत शुक्रवार को किशनगंज जिले में मतदान स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सहायक निर्वाची पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने भ्रमण के दौरान जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केंद्रों पर चल रही मतदान प्रक्रिया का जायजा लेते हुए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था की स्थिति का भी आकलन किया गया।

जिला प्रशासन की ओर से मतदान के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने और मतदाताओं को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों के निरीक्षण का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाए रखने के साथ-साथ निर्वाचन से जुड़े दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना रहा। जिले के आठ प्रखंडों एवं संबंधित मतदान क्षेत्रों में कुल 3,554 मतदाता अपने मताधिकार के लिए पंजीकृत थे। इनमें 2,898 पुरुष और 656 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदाता सूची में अन्य श्रेणी के मतदाताओं की संख्या शून्य दर्ज की गई है।



प्रखंडवार आंकड़ों के अनुसार, कोचाधामन प्रखंड में सर्वाधिक 852 मतदाता दर्ज किए गए। यहां 748 पुरुष एवं 104 महिला मतदाता शामिल हैं। इसके बाद किशनगंज अनुमंडल में 574, ठाकुरगंज प्रखंड में 541 तथा बहादुरगंज प्रखंड में 521 मतदाता दर्ज किए गए। पोठिया प्रखंड में 347, दिघलबैंक में 323, टेढ़ागाछ में 214 तथा किशनगंज प्रखंड में 182 मतदाता पंजीकृत थे।

निर्वाचन संबंधी आंकड़ों के मुताबिक, टेढ़ागाछ प्रखंड में 180 पुरुष एवं 34 महिला, बहादुरगंज में 429 पुरुष एवं 92 महिला, दिघलबैंक में 272 पुरुष एवं 51 महिला तथा ठाकुरगंज में 423 पुरुष एवं 118 महिला मतदाता शामिल थे। इसी प्रकार पोठिया में 285 पुरुष एवं 62 महिला, कोचाधामन में 748 पुरुष एवं 104 महिला, किशनगंज प्रखंड में 144 पुरुष एवं 38 महिला तथा किशनगंज अनुमंडल में 417 पुरुष एवं 157 महिला मतदाता दर्ज किए गए।

जिलाधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के संयुक्त निरीक्षण से मतदान व्यवस्था पर प्रशासन की निगरानी और सतर्कता स्पष्ट नजर आई। जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखते हुए मतदाताओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना रहा।

बरारी हाट के मेले में युवक को मारा चाकू, हालत गंभीर, दो गिरफ्तार

बरारी (कटिहार) आससे। बरारी हाट स्थित मेला में बाइक से धक्का लगने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति को पीठ में चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद मेले में अफरा तफरी का माहौल बन गया।स्थानीय लोगों और बरारी थाना पुलिस के सहयोग से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी में भर्ती कराया गया।वहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए कटिहार रेफर कर दिया।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरारी हाट में लगे मेले के दौरान बाइक से धक्का लगने को लेकर विवाद शुरू हुआ।देखते ही देखते विवाद ने गंभीर रूप ले लिया और एक व्यक्ति की पीठ में चाकू मार दिया गया।घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घायल की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। मेले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी पर तैनात बरारी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक आलोक कुमार ने घटना की जानकारी मिलते ही त्वरित कार्रवाई की।पुलिस ने चाकू मारने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पूर्वी बारीनगर पंचायत निवासी नीरज चौधरी तथा दरवै गांव निवासी सन्नी कुमार यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में कटिहार जेल भेज दिया। पुलिस अवर निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि बाइक से धक्का लगने को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद चाकूबाजी की घटना हुई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मेले में हुई इस घटना के बाद लोगों के बीच चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी की गई है।

निर्माणाधीन सड़क को जांच कर बनाने की मांग

बनमनखी पूर्णिया (आससे)। क्षेत्र के हृदय नगर से वीर कुंवर सिंह चौक तक बन रहे निर्माणाधीन सड़क को जांच कर बनाने की उठाई गई है मांग इस संदर्भ में स्थानीय वार्ड नंबर 9 के वार्ड पार्षद ओमप्रकाश अग्रवाल ने थाना रोड के सड़क निर्माण के ऊंचाई को बनाने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी बनमनखी से लेकर जिला पदाधिकारी पूर्णिया तक को मेल के माध्यम से आवेदन समर्पित किया है पार्षद ने कहा कि यह सड़क लगभग 5 वर्ष पूर्व में बनाई गई थी उसे समय लगभग 2 फीट सड़क ऊंचा कर दिया गया था जिसके कारण पूर्व में निर्माण मकान एवं संस्था में मुख्य सड़क नीचे हो गए थे अब पुनः सड़क का निर्माण हो रहा है जो कि लगभग 1 फीट और ऊंचा कर दिया जा रहा है इस समय सड़क से मुख्य बाजार की कई कर के इसमें जाकर जोड़ती है जो की निर्माणधीन सड़क लगभग 1 फीट नीचे हो जाएगी जिसके कारण बाजार में जल जमाव की भयंकर समस्या हो सकती है वार्ड पार्षद ने बन रहे सड़क को लेकर जिला पदाधिकारी पूर्णिया से आवेदन के द्वारा मांग किया है कि स्थल की जांच कर विभिन्न सड़क को देखकर मुख्य सड़क से ऊंचाई को समतल रूप से जोड़ा जाये।



मनिहारी में 18 दुकानदारों को नोटिस देने पर उठे सवाल, डीएम से हस्तक्षेप की मांग


नगर अध्यक्ष ने नवाबगंज चौक से गंगाघाट तक अतिक्रमण चिह्नित कर छठ के बाद हटाने का किया आग्रह

कटिहार। मनिहारी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर नगर पंचायत के अध्यक्ष ने जिला पदाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने मनिहारी के अंचलाधिकारी द्वारा 18 दुकानदारों को नोटिस जारी किए जाने पर सवाल उठाते हुए नवाबगंज चौक से अंबेडकर चौक होते हुए मनिहारी गंगाघाट तक अतिक्रमण को समान रूप से चिह्नित कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इस संबंध में उन्होंने जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर गरीब दुकानदारों के हितों का ध्यान रखने की अपील की है।

आवेदन में कहा गया है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पत्रांक 1038, दिनांक 11 अगस्त 2023 के माध्यम से नवाबगंज चौक से अंबेडकर चौक तथा अंबेडकर चौक से मनिहारी बाजार तक अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया था। इसके बावजूद अब तक पूरे क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त नहीं कराया जा सका है। वहीं, अंचलाधिकारी की ओर से 22 सितंबर और 8 अक्टूबर 2026 को जारी नोटिस के तहत केवल 18 दुकानदारों को दुकान खाली करने का निर्देश दिए जाने पर उन्हीं आपत्ति जताई है।आवेदन के अनुसार, मनिहारी नगर पंचायत ने एनएचएआई से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त कर अंबेडकर चौक से कटिहार जाने वाली सड़क पर नगर पंचायत कार्यालय के सामने दोनों ओर अतिक्रमण हटवाया था। दाईं ओर 40 से 50 फीट तक ईंट के पेवर ब्लॉक लगाने तथा सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया। वहीं, बाईं ओर एनएचएआई की जमीन की सीमा तक अतिक्रमण हटाकर गड्ढे भरवाए गए और बासु गुप्ता के घर से जानकी शर्मा के घर तक 12 फीट 4 इंच चौड़ी सड़क का निर्माण कराया गया। इसके अलावा मिट्टी भराई और सौंदर्यीकरण का कार्य भी कराया जा रहा है। नगर के अध्यक्ष ने सवाल उठाया है कि जब नवाबगंज चौक से मनिहारी बाजार और गंगाघाट तक अतिक्रमण हटाने की जरूरत है, तो केवल उन्हीं 18 दुकानदारों को नोटिस क्यों दिया गया, जिनके आसपास सड़क की चौड़ाई 100 से 110 फीट तक है। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क के किनारे अस्थायी दुकान लगाकर परिवार चलाने वाले गरीब दुकानदारों को हटाने की कार्रवाई हो रही है, जबकि अन्य स्थानों पर स्थायी मकान बनाकर किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन दुकानदारों की आजीविका का एकमात्र साधन उनकी दुकानें हैं। ऐसे में उन्हें हटाने से उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने ने जिला पदाधिकारी से आग्रह किया है कि नवाबगंज से मनिहारी गंगाघाट तक अतिक्रमण वाले स्थलों को अपने स्तरसे चिह्नित कर छठ के बाद नियमानुसार कार्रवाई कराई जाए।

शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान संपन्न, शाम 4 बजे तक 51.4 प्रतिशत वोटिंग

पूर्णिया (आससे)। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और चुस्त-दुरुस्त प्रशासनिक तैयारियों के बीच बिहार विधान परिषद के कोसी स्नातक द्विवार्षिक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण, स्वच्छ, पारदर्शी और निष्पक्ष माहौल में शाम 4:00 बजे निर्धारित समय तक संपन्न हुई, जिसमें कुल 51.4 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई। मतदान के दौरान पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त सह निर्वाची पदाधिकारी दिनेश कुमार, प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा और अन्य वरीय अधिकारियों ने लगातार भ्रमणशील रहकर विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लिया। इसके अलावा जिला नियंत्रण कक्ष के माध्यम से भी लगातार क्षेत्रों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाती रही ताकि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ सके।



निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार दिनभर मतदान का ग्राफ लगातार बढ़ता रहा, जिसमें पूर्वाह्न 10:00 बजे तक पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 0.39त्न और महिला मतदाताओं का 0.14त्न दर्ज किया गया था, जो दोपहर 12:00 बजे तक बढ़कर 18.2 प्रतिशत, दोपहर 2:00 बजे तक 33.3 प्रतिशत और अंततः शाम 4:00 बजे तक 51.4 प्रतिशत तक पहुंच गया। सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने और स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी।

इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के तहत पूर्णिया, कोसी, भागलपुर और मुंगेर प्रमंडल के कुल 14 जिलों में फैले सभी 118 बूथों पर प्रबुद्ध, शिक्षक, वकील और स्नातक मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया, जहां सुबह से ही वोटर्स की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। इस चुनाव में कुल 15 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जिनमें एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी सह वर्तमान विधान पार्षद डॉ. एनके यादव, जन सुराज के डॉ. रजनीश रंजन, कांग्रेस के मनोज जायसवाल और राजद के नितेश कुमार यादव के बीच चतुष्कोणीय और बेहद कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। भागलपुर में जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय सहित अन्य जिलों में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की गई और कई जाने-माने शिक्षाविदों तथा जनप्रतिनिधियों ने भी पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान समाप्त होने के बाद अब सभी 14 जिलों के मतदान केंद्रों से मतपेटियों को त्रिस्तरीय कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूर्णिया स्थित केंद्रीय वज्रगृह यानी स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित पहुंचाया जा रहा है। आगामी 27 अक्टूबर को पूर्णिया में ही मतों की गिनती की जाएगी, जिसके बाद यह स्पष्ट हो पाएगा कि कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण सीट पर किस प्रत्याशी के सिर जीत का ताज सजता है।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
नालन्दा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के पत्रांक – 2850 (अनु0) दिनांक – 11.09.2026 एवं पी0आर0सं0– 011695 (BCD) 2026–27 के द्वारा भिन्न –भिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0 06 ना0भ0प्र0, बिहारशरीफ/वर्ष 2026–27 को पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक– 7461(S) दिनांक 13.10.2026 एवं भवन निर्माण विभाग के ज्ञापांक– 9803 (भ) दिनांक 15.10.2026 के आलोक में अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

उकत सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
नालन्दा भवन प्रमंडल,
बिहारशरीफ

PR. No. 014008 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
सिंचाई प्रमंडल, रजौली।

Email- eesinchairajauli2016@gmail.com

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय का पत्रांक 1461 दिनांक 07.10.2026 द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2026-27जिसका दैनिक सामाचार पत्र में प्रकाशन का P.R. No-013494 (WRD) 2026-27 है। उक्त निविदा की कंडिका 18 एवं 21को विलोपित करते हुए एक अतिरिक्त कंडिका जिसका क्रम संख्या 52''पथ निर्माण विभाग, बिहार द्वारा निर्गत अधिसूचना का ज्ञापांक 7461(S) दिनांक 13.10.2026 द्वारा निर्गत पथ निर्माण विभाग का पत्रांक 2046(S) दिनांक 06.03.2014 द्वारा निरूपित प्रतिशत दर निविदा में न्यूनतम दर सीमा 10 प्रतिशत को पुनः बहाल किया गया है। परिमाण विपत्र से 10 प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाले निविदायें अमान्य मानी जायेगी।

परिमाण विपत्र के दर से नीचे निविदित दर दिये जाने की स्थिति में अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) लेने का निम्नांकित प्रावधान किया जाता है :–

(1) परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृतदर वाले निविदा के लिए 0.25% अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) प्रति एक प्रतिशत उद्धृत दर के लिए ली जायगी।

(2) परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.5% कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) प्रति एक प्रतिशत उद्धृत दर के लिए ली जायगी।''जोड़ा जाता है, शेष कंडिका यथावत् रहेगा।

इसे इस हद तक संसोधित समझा जाय।

PR- 013986 (W R D) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमंडल, रजौली।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कुरसेला में 51.56 एवं समेली में 68.15 प्रतिशत मतदान

डीएम और एसपी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

कुरसेला (कटिहार) आससे। कोसी स्नातक स्तरीय विधान परिषद निर्वाचन के द्विवार्षिक चुनाव के तहत शुक्रवार को कुरसेला और समेली प्रखंड में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ। कुरसेला में 51.56 प्रतिशत, जबकि समेली में 68.15 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

कुरसेला प्रखंड मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या 82 पर सुबह आठ बजे मतदान शुरू होते ही मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। यहां पंजीकृत 320 मतदाताओं में से 165 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें



117 पुरुष और 48 महिला मतदाता शामिल थीं।वहीं, समेली प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 81 पर कुल 462 मतदाताओं में से 315 ने मतदान किया। इनमें 255 पुरुष और 60 महिला मतदाता शामिल रहीं। इस केंद्र पर कुल 68.15 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के दौरान कटिहार के जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने कुरसेला स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मतदान केंद्र पर पुलिस बल की तैनाती के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

308.97 ग्राम स्मैक, बाइक व मोबाइल के साथ दो तस्कर सलाखों के पीछे

कटिहार। 22 अक्टूबर- कटिहार जिले की हसनगंज थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल करते हुए 308.97 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के रहने वाले हैं, जो बाइक से स्मैक की खेप लेकर डिलीवरी देने जा रहे थे। सपनी सड़क पर घेराबंदी कर दबोचे गए तस्कर।हसनगंज थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर सपनी सड़क की ओर से गुजरने वाले हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सपनी सड़क के पास सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया। चेकिंग के दौरान पुलिस बल को सामने देखकर बाइक सवार दोनों संदिग्ध भागने लगे, जिन्हें पुलिस जवानों ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से स्मैक की बड़ी खेप बरामद हुई।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान् मो0 मुरसेलिम , पिता- मो0 अलाउद्दीन, साकिन- यदुपुर, थाना- कलियाचक, जिला- मालदा (पश्चिम बंगाल)। नसीरूल, पिता- डुलू शेख, साकिन- सुजापुर, थाना- कलियाचक, जिला- मालदा (पश्चिम बंगाल)। पुलिस द्वारा जब्त सामान-स्मैक- 308.97 ग्राम मोटरसाइकिल- 01 ,मोबाइल फोन- 02 ,नकद राशि- ?800 । पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड दर्ज कर फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज खंगालते हुए अग्रतर कानूनी कार्रवाई कर रही है।

कदवा में 54 प्रतिशत मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ चुनाव

कदवा (कटिहार) आससे। कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान शुक्रवार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। कदवा प्रखंड के बूथ संख्या 90 पर सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान की प्रक्रिया चली। इस दौरान कुल 54 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



मतदान को लेकर प्रखंड प्रशासन की ओर से आवश्यक तैयारियां की गई थीं। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार के नेतृत्व में मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की व्यवस्था की गई थी। मतदान केंद्र पर निर्धारित समय से प्रक्रिया शुरू हुई और शाम 4 बजे तक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान के दौरान व्यवस्था बनाए रखने पर प्रशासन की ओर से विशेष ध्यान दिया गया। शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

कटिहार दुर्गा स्थान मेला में हादसा, झूला से गिरा युवक, महिला भी घायल

कटिहार। दुर्गा स्थान मेला में 22 अक्टूबर की देर रात करीब 2 बजे झूले से युवक के गिरने और एक महिला के घायल होने की सूचना है। घटना के बाद मेला में लगे झूलों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। आखिर मेला में लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है? झूले की जांच और सुरक्षा इंतजामों की पड़ताल जरूरी है। बहरहाल इस घटना की सघन जांच आवश्यक है।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल औरंगाबाद
E-mail ID- shlcdaurangabad@gmail.com
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2026-27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार www.eproc2.bihar.gov.in)

1. कार्य का विवरण :–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि रू0 (ऑन लाईन अथवा फिजिकल/मेनुअल मोड में भुगतान) (लाख में)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में	बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में	कार्य समाप्ति की तिथि
1	सोनवर्षा वितरणी के विभिन्न बिन्दुओं पर गाद एवं जंगल सफाई तथा फॉल, इनलेट, प्रोटेक्शन वॉल का पुनर्स्थापन एवं तल मरम्मति P.C.C. कार्य।	61.52620	1.24	10000.00	1180.00	माह मार्च 2027 के पूर्व।

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक 14.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक 02.11.2026 से 07.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक। केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
4. प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान : दिनांक 04.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, सोन उच्चस्तरीय नहर अंचल, औरंगाबाद के कार्यालय कक्ष में।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.11.2026 के अपराह्न 3:30 बजे। केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा तकनीकि बीड निष्पादन उपरांत वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर घोषित की जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान : केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
9. निविदा वैधता की अवधि : 120 दिन।
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट http://www.eproc2.bihar.gov.in एवं state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, औरंगाबाद
मो0– 7463889727

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.013920 (WRD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ कोशी स्नातक निर्वाचन का मतदान

जिला पदाधिकारी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

कोढ़ा (कटिहार) आससे। कोशी स्नातक निर्वाचन को लेकर कोढ़ा प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मतदान के दौरान जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था सख्त रही।इस प्रखंड में मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और प्रशासन ने राहत की सांस ली।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग, पांच परिवार का घर जलकर राख

मनसाही (कटिहार) आससे। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपालपुर में आग लगने से पांच परिवारों के घर जलकर राख हो गया। आग पर स्थानीय लोगों की मदद से काबू पाया गया। आग में नगदी एवं घर के रखे सभी सामान सहित 5 लाख की क्षति पहुंची। आग से पीड़ित परिवारों में चूलाई भगत, अजय भगत, छोटन भगत, पप्पू भगत एवं किरण देवी शामिल हैं । घटना के संबंध में बताया जाता हैं कि घर के सभी सदस्य जब खेत में काम करने गए हुए थे तभी बिजली के शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई और जब तक घरवालों एवं आसपास के लोगों को पता चलता तब तक घर का सारा सामान चलकर राख हो चुका था। घटना की सूचना पंचायत जनप्रतिनिधियों के अलावे मुफस्सिल थाना एवं अंचलाधिकारी कटिहार को दे दी गई हैं। पंचायत जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से सरकारी प्रावधानों के अनुसार पीड़ित परिवार को आवश्यक मुआवजा देने की मांग की।

जानकीनगर रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म पर दीपावली और छठ से पहले होगा उद्घाटन : सीनियर डीईएन कार्डिनेशन

बनमनखी पूर्णिया (आससे)। जानकीनगर इलाके वासियों के लिए समस्तीपुर रेल मंडल प्रशासन ने खुशखबरी का पैगाम भेजा है.आगामी दिपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा से पहले छठ पूजा वेटिंग रूम का विधिवत उद्घाटन होना सुनिश्चित है। पूर्व मध्य रेलवे समस्तीपुर रेल मंडल के सीनियर डीईएन कार्डिनेशन समस्तीपुर संजय कुमार ने दूरभाष पर सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार राय को आश्वासन दिया कि पूर्णिया-सहरसा बड़ी लाइन



रेलखंड अन्तर्गत जानकीनगर रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म पर एक ससाह के अदंर वेटिंग रूम का कार्य फाइनल हो जाएगा.तथा पूर्व मध्य रेलवे समस्तीपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम ज्योतिष प्रकाश मिश्रा को विभागीय रिपोर्ट कर दिपावली एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा से पहले वेटिंग रूम का विधिवत उद्घाटन कराया जाएगा.उन्होने आश्वासन दिया कि जानकीनगर रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म टिकट बुकिंग काउंटर से गेट संख्या- 52 तक एवं टिकट बुकिंग काउंटर से रामाशंकर साह के घर तक पीसीसी ढलाई सड़क रेलवे की ओर सड़क निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होना सुनिश्चित है.बरसात के कारण कार्य शुरू नहीं हुआ था.वहीं जानकीनगर रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म के दक्षिण ओर वाहन पार्किंग निर्माण कार्य प्रकिया में है. वहीं पूर्व मध्य रेलवे समस्तीपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम अन्नया स्मृति से भी दूरभाष पर बातचीत हुआ.उन्होने आगे बताया कि उन्होंने अवगत कराया कि जानकीनगर रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म पर यूटीएस कम पीआरएस की सुविधा बहाल करने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों से रिपोर्ट मांगा गया था. सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार राय ने बताया कि पिछले 22 मार्च 2022 को कोशी एक्सप्रेस एवं जनहित एक्सप्रेस ट्रेन जानकीनगर दो मिनट ठहराव को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया था.परंतु 131 नामजद एवं 2400 अज्ञात निर्दोष लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया था.इसके बावजूद कई सूत्री मांगों को लेकर लगातार मांग पत्र सौंपा गया था.परंतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण आमलोगों को सिर्फ आश्वासन मिल रहा है।

बतातें चले कि सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार राय के नेतृत्व में रेल की समस्याओं को लेकर जानकीनगर रेलवे स्टेशन अधीक्षक राजीव कुमार, डीआरएम समस्तीपुर ज्योतिष प्रकाश मिश्रा,जिला पदाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार एवं पूर्णिया लोकसभा सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव जी को जनहित के हित में कई सूत्री मांग पत्र सौंपा था।

इज्तेमा की तैयारी चरम पर : पांच हजार लोगों ने अदा की जुमे की नमाज

31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सालेपुर में होगा तीन दिवसीय तब्लीगी इज्तेमा

फलका (कटिहार) आससे। फलका प्रखंड के सालेपुर हल्का में 31 अक्टूबर से 2 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय तब्लीगी इज्तेमा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी सिलसिले में 23 अक्टूबर को नवनिर्मित पंडाल में करीब पांच हजार लोगों ने एक साथ जुमे की नमाज अदा की। इस दौरान पूरा परिसर इबादत और रूहानियत के माहौल से सराबोर नजर आया। जुमे की नमाज में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोगों ने अल्लाह और उसके रसूल की तालीमात को सुना। साथ ही अपनी जिंदगी को इस्लामी शिक्षाओं के मुताबिक संवारने, नेक रास्ते पर चलने और बुराइयों से दूर रहने का अहद किया। नमाज के दौरान क्षेत्र में आपसी भाईचारे, एकता और धार्मिक सौहार्द का माहौल देखने को मिला।सालेपुर में प्रस्तावित तीन दिवसीय तब्लीगी इज्तेमा को लेकर आयोजन स्थल पर तैयारियों को अंतिम रूप देने की दिशा में काम जारी है। नवनिर्मित पंडाल में एक साथ हजारों लोगों की मौजूदगी और जुमे की नमाज में उनकी भागीदारी से आयोजन की तैयारियों को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया। इज्तेमा में कटिहार सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। जुमे की नमाज के मौके पर लोगों को दीन की बुनियादी तालीमात पर अमल करने, आपसी मेल-मोहब्बत बनाए रखने तथा समाज में नेकी और भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। नमाज में शामिल लोगों ने सीधे रास्ते पर चलने और अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि सालेपुर हल्का में 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक होने वाले इस तब्लीगी इज्तेमा को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां जोरों पर है। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को धार्मिक तालीम, नेक अमल और बेहतर सामाजिक जीवन की ओर प्रेरित करना है।